लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2435
10 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

पीएम-मित्र पार्कों के अंतर्गत विनिर्माण सुविधाएं

2435. कैप्टन बृजेश चौटा:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने जीएमपीएल द्वारा उत्पादित शोधित टेरेफ्थैलिक एसिड (पीटीए) जैसे महत्वपूर्ण कच्चे माल तक इस क्षेत्र की पहुंच और उद्योग के लिए परिवहन लागत को कम करने की संभावना को देखते हुए दक्षिण कन्नड़ में पीएम-मित्र वस्त्र पार्क की स्थापना करने पर विचार किया है और यदि नहीं, तो राजस्थान सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को दक्षिण भारत में बड़े पैमाने पर वस्त्र विनिर्माण सुविधाओं की कमी की जानकारी है, जिसके कारण लंबी दूरी तक कच्चे माल के परिवहन की आवश्यकता पड़ती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पीएम-मित्र वस्त्र पार्क स्थलों के चयन के मानदंडों में वस्त्र विनिर्माण केन्द्रों के भौगोलिक वितरण और देश में उपलब्ध कच्चे माल की निकटता को संतुलित करने पर विचार करना शामिल है; और

(घ) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं कि दक्षिण कन्नड़ जैसे क्षेत्र वस्त्र उद्योग के विकास, स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने और कच्चे माल के आपूर्तिकर्ताओं के लिए संभार तंत्र लागत को कम करने से लाभान्वित हो सकें?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) से (ग): वस्त्र उद्योग की संपूर्ण मूल्य-श्रृंखला के लिए एकीकृत बड़े पैमाने पर और आधुनिक औद्योगिक अवसंरचना सुविधा विकसित करने के लिए, सरकार ने 2021-22 से 2027-28 की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपये के योजना परिव्यय से ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों पर 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करने को मंजूरी दी है, जिसमें कर्नाटक के कलबुर्गी में एक ग्रीनफील्ड परियोजना भी शामिल है।

इन पार्कों की परिकल्पना लॉजिस्टिक लागत को कम करने और भारतीय वस्त्रों की प्रतिस्पर्धा में सुधार करने के लिए की गई है। पीएम मित्र योजना भारत को निवेश आकर्षित करने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और वैश्विक वस्त्र बाजार में खुद को मजबूती से स्थापित करने में मदद करेगी। ये पार्क ऐसे स्थलों पर स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें वस्त्र उद्योग के फलने-फूलने की अंतर्निहित ताकत है और सफल होने के लिए आवश्यक लिंकेज हैं।

इस योजना के तहत आवेदन के लिए 1000 एकड़ से अधिक के निकटस्थ और बाधारहित भूखंड की तत्काल उपलब्धता वाली राज्य सरकारें पात्र थीं। साइटों का चयन मुख्य मानदंडों जैसे कि निकटतम बंदरगाह/डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर/इंडस्ट्रियल कोरीडोर/टेक्सटाइल क्लस्टर से अच्छी कनेक्टिविटी, विश्वसनीय बिजली आपूर्ति और पानी की उपलब्धता और वेस्ट वाटर डिस्पोजल सिस्टम; नई श्रम संहिता के अनुसार श्रम कानूनों में छूट की इच्छा; प्रभावी सिंगल विंडो क्लीयरेंस, राज्य की अनुकूल और स्थिर औद्योगिक/वस्त्र नीति आदि का मूल्यांकन करके चुनौती पद्धति को अपनाकर किया गया। 13 राज्यों से कुल 18 प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से उपरोक्त मानदंडों के आधार पर, पीएम मित्र पार्क की स्थापना के लिए कलबुर्गी कर्नाटक सहित 7 साइटों को अंतिम रूप दिया गया।

(घ): कर्नाटक सरकार अपनी वस्त्र नीति के माध्यम से दक्षिण कन्नड़ में विशेष रूप से तकनीकी वस्त्रों में उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा दे रही है ताकि वस्त्र विनिर्माण को और बढ़ावा दिया जा सके और क्षेत्र में अतिरिक्त रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकें।

****